## महत्वपूर्ण एवं खास

### यूपी में आज न तो क़ानून बचा है न व्यवस्था : अखिलेश

लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने माफिया डॉन मुन्ना बजरंगी की जेल में हुई हत्या को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि आज यूपी में न तो कानून बचा है न व्यवस्था, हर तरफ दहशत का वातावरण है। प्रदेश की जनता इस भय के माहौल में बहुत डरी-सहमी है, प्रदेश में ऐसा कुशासन व अराजकता का दौर पहले कभी नहीं देखा।

अखिलेश ने अपने आधिकारिक ट्वीटर एकाउंट पर एक ट्वीट में लिखा है कि 'आज यूपी में न तो क़ानून बचा है न व्यवस्था। हर तरफ़ दहशत का वातावरण है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वो जेल तक में हत्याएं कर रहे हैं। ये सरकार की विफलता है। प्रदेश की जनता इस भय के माहौल में बहुत डरी-सहमी है। प्रदेश में ऐसा कुशासन व अराजकता का दौर पहले कभी नहीं देखा'।

गौरतलब है कि सोमवार की सुबह मुन्ना बजरंगी की बागपत जेल में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

### गैस एजेंसी कर्मचारियों को पीटा, मुकदमा

रुडकी (आरएनएस)। रायसी गैस एजेंसी के कर्मचारी अमित और सुधीर महतौली गांव में पुष्पा सैनी पत्नी साधुराम के घर पर उज्ज्वला योजना के कनेक्शन बांट रहे थे। आरोप है कि टांडा निवासी बंटी पुत्र पूरण सिंह और आशु पुत्र धर्म सिंह ने वहां पहुंचकर कर्मचारियों से मारपीट की। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### डाक भेजने के लिये 14 किमी की दौड़ लगाने को मजबूर हैं बाराकोट वासी

चम्पावत (आरएनएस)। बाराकोट में पिछले 22 दिनों से बीएसएनएल सेवा ठप पड़ी हुई है। इसके कारण सरकारी दफ्तरों में कामकाज प्रभावित हो रहा है। लोगों को डाक भेजने के लिये 14 किमी दूर लोहाघाट जाना पड़ रहा है। इसके कारण उनका धन और समय दोनों बर्बाद हो रहा है।

इन दिनों बीएसएनएल सेवा ठप पड़ने से पोस्ट ऑफिस में काम-काज पूरी तरह बन्द पड़ा हुआ है। इसके बाराकोट क्षेत्रवासियों को डाक भेजने और पोस्ट ऑफिस संबंधित कार्य करने के लिये बाराकोट से 14 किलोमीटर दूर लोहाघाट जाना पड़ रहा है। इससे लोगों को आने-जाने में 80 से सौ रुपये तक का खर्च करना पड़ रहा है। इसके कारण लोगों में बीएसएनएल और पोस्टल विभाग के खिलाफ आक्रोश पैदा हो गया है। उनका कहना है कि पोस्टल विभाग ने बाराकोट में सबपोस्ट ऑफिस तो खोल दिया, लेकिन व्यवस्थाओं के नाम पे यहां कुछ भी नहीं है। लोगों को एक रुपये का रसीदी टिकट लाने तक के लिये मीलों का सफर तय करना पड़ रहा है। 22 दिन से बाराकोट में बीएसएनएल सेवा ठप पड़ी है। इससे पोस्ट ऑफिस बन्द पड़ा हुआ है। कनेक्टिविटी नहीं होने से डाक विभाग की सीएसआई सेवा शुरू नहीं हो पा रही है। पोस्टल विभाग के पास अपनी कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे की काम-काज शुरू किया जा सके। ऐसे में बाराकोट के लोगों ने पोस्टल विभाग के प्रति आंदोलन का मन बना लिया है उनका कहना है कि अगर जल्द काम-काज शुरू नहीं किया जाता है तो जिलाधिकारी कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। बाराकोट के व्यापर संघ अध्यक्ष संजय वर्मा, कृष्णा नाथ गोस्वामी, नमन कुमार जोशी, कमलावती जोशी, महेश चन्द्र जोशी, जगदीश जोशी, ललित अधिकारी आदि ने वीसेट लगाकर जल्द कामकाज शुरू करने की मांग की है। इस संदर्भ में डाक अधीक्षक से जानकारी लेनी चाही तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

### देश के एक चौथाई बुजुर्ग अकेले रह रहे हैं

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत की आबादी को एक अरब पार किए हुए काफी वक्त बीत चुका है, लेकिन फिर भी एक चौथाई बुजुर्ग अकेले रह रहे हैं और देश की बढ़ती जनसंख्या ने बुजुर्गों का अकेलापन दूर करने के लिए अब तक कुछ खास नहीं किया है। दिल्ली के एक गैर सरकारी संगठन एजवेल फाउंडेशन ने देश के 20 राज्यों के 10 हजार बुजुर्गों को लेकर एक सर्वेक्षण किया। इसके मुताबिक 23.44 प्रतिशत यानी देश का का हर चौथा बुजुर्ग देश में अकेला रह रहा है।

**आर्थिक रूप से दूसरों पर निर्भर हैं बुजुर्ग**

यही नहीं सर्वे में इस बात का भी खुलासा हुआ कि बड़ी संख्या में बुजुर्ग या तो अकेले रहना या फिर अपने जीवनसाथी के साथ रहना पसंद करते हैं। हालांकि अकेले रहकर बुजुर्ग स्वतंत्र तो रहते हैं लेकिन 'आर्थिक रूप'से उन्हें दूसरों पर ही निर्भर रहना पड़ता है। एजवेल फाउंडेशन के संस्थापक हिमांशु रथ कहते हैं, हर बुजुर्ग को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाए जाने की जरूरत है ताकि जरूरत पड़ने पर वे अपने लिए देखभाल का इंतजाम कर सकें। इसके लिए परिवार, समुदाय और सरकार को हर स्तर पर प्रयास करना चाहिए।

**सबसे ज्यादा जरूरी क्या**

88.5 फीसदी बुजुर्गों को लगता है कि इस उम्र में स्वास्थ्य सेवाएं सही से मिलें तो उनकी आजादी भी बरकरार रहेगी।

# बारिश न होने से जानलेवा बनी उमस भरी गर्मी

## इंसान के साथ-साथ पशु पक्षी के लिए भी बनी आफत

फतेहपुर (आरएनएस)। प्रचण्ड गर्मी का कहर थमने का नाम नही ले रहा है। उमस ने लोगों की हालत खराब कर रखी है। जानलेवा बन चुकी गर्मी इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिये भी आफत बनी है। बारिश न होने के कारण स्थिति और भी विकराल होती जा रही है। तापमान लगातार बढ़ने से लोग बीमारियों की गिरफ्त मे भी आ रहे हैं। गर्मी का यह आलम है कि सारा दिन लोगों का पसीना बहाते गुजर रहा है। मंगलवार को सुबह से ही उमस का असर लोगों को बेहाल किये रहा। सारा दिन पसीना बहाते लोगों की हालत खस्ता रही। भीषण उमस भरी गर्मी के कारण लोगों को रोजमर्रा के काम निपटाने मे भी राम से काम पड़ रहा है। मानसून की लेट लतीफी अब लोगों को अखर रही है। सुबह से ही हवा के रूख मे आए बदलाव के कारण उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर रखा था। ऊपर से पूर्वा हवा ने उमस बढ़ा दी। दोपहर होते-होते एक बजे तक पारा चढ़ने से लोग बुरी तरह परेशान हो गए। आवश्यक कार्यो से घरों से बाहर निकलने वाले तेज धूप से बचने के लिए सिर व मुंह को अंगोछे से बांधकर निकलना मजबूरी बना हुआ है। उमस भरी गर्मी से बच्चों को सबसे अधिक दिक्कत है। ग्रामीण क्षेत्रों मे बिजली की आंख मिचैली और कटौती ने लोगों का सुख चैन छीन लिया है। पूर्वा हवा चलने के कारण बढ़ी गर्मी व उमस के चलते जनजीवन बेहाल रहा लेकिन मौसम के जानकार स्थानीय लोगों ने मौसम में आए इस बदलाव को गर्मी से जल्द निजात मिलने का संकेत बताया है। फिलहाल लोग सूरज की तपन और गर्म हवा से पशु-पक्षी भी झुलसने को विवश हैं।



# नौ साल से फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार

विकासनगर (आरएनएस)। लूट समेत कई आपराधिक वारदातों को अंजाम देकर पिछले नौ साल से फरार इनामी बदमाश को पुलिस और एसओजी की टीम ने आखिरकार पकड़ ही लिया। आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई थी। कोर्ट में पेशी के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।छह अक्टूबर 2009 को विकासनगर कोतवाली क्षेत्र के तहत ओपी सिंघल को घर में बंधक बनाकर लाखों की नगदी और जेवरात लूटने के साथ ही सहसपुर थाना क्षेत्र में पांच मार्च 2010 को हत्या के प्रयास में वांछित मुख्य आरोपी आनंद उर्फ चच्चू निवासी गीता कॉलोनी, भोलाचौक (पानीपत) पुलिस को लगातार चकमा दे रहा था। इस बीच पुलिस और एसओजी ने उस पर ढाई हजार का इनाम भी घोषित कर दिया। लेकिन, वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। ऐसे में एसएसपी देहरादून निवेदिता कुकरेती ने दो दिन पहले ही आनंद को पकड़ने के लिए इनामी राशि ढाई हजार से बढ़ाकर पांच हजार कर दी। तब क्राइम बैठक में उन्होंने विकासनगर कोतवाली पुलिस और एसओजी देहरादून को हर हाल में आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस और एसओजी ने नए सिरे से आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए।

आखिरकार पुलिस और एसओजी की मेहनत रंग लाई और आरोपी आनंद उर्फ चच्चू हरियाणा के पानीपत से पकड़ा गया। पुलिस टीम में कोतवाल एसएस नेगी, एसओजी प्रभारी पीडी भट्ट, एसआई रतन सिंह, एसओजी कांस्टेबल अमित, पंकज, विपिन, प्रमोद पंवार, आशीष शर्मा और कांस्टेबल विकासनगर पुलिस मुकेश भट्ट शामिल रहे।

# घर में डाला डाका, महिला को किया घायल

हल्द्वानी (आरएनएस)। हल्द्वानी के आरके टैंट हाउस वाली गली तुलसी विहार में सड़क से लगते एक मकान में आज दोपहर डाका पड़ा है। हमलावरों ने मकान स्वामिनी को गंभीर रूप से घायल कर दिया और घर में रखा तमाम सामान इधर-उधर बिखेर दिया। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी सिटी, सीओ और मुखानी थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गये हैं।

जानकारी के मुताबिक आरके टैंट हाउस वाली गली में सड़क से लगते ही मोहन सिंह रौतेला का मकान है। मोहन सिंह की गैस गोदाम वाली रोड में अन्नपूर्णा जनरल स्टोर नाम से दुकान है। मोहन सिंह अपनी पत्नी के साथ रहते हैं और उनके कोई बच्चा नहीं हैं। हर रोज मोहन सिंह की पत्नी अनीता रौतेला (50) दुकान पर खाना लेकर जाती थी, लेकिन आज जब वह नहीं पहुंची तो मोहन सिंह का माथा ठनका उन्होंने अनीता को तकरीबन 20 फोन किये, लेकिन जब अनीता ने कॉल रिसीव नहीं की तो मोहन सिंह स्वयं ही घर आये।

वह घर पहुंचे और कमरे में मूर्छित अवस्था में अनीता को बिस्तर पर पड़ा देखा। इस बीच आस-पास के लोग भी मौके पर पहुंचे और गंभीर घायल अनीता को सेंट्रल हास्पिटल पहुंचाया गया। एसपी सिटी अमित श्रीवास्तव, सीओ हल्द्वानी दिनेश ढौंढियाल, मुखानी थाना प्रभार नंदन रावत व एसएसआई मनोहर दसौनी दल-बल सहित मौके पर पहुंचे और आस-पास के लोगों से पूछताछ की।

# 1,36,290 की रेल राजस्व वसूली

गोरखपुर (आरएनएस)। प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे षिवराज सिंह के निर्देषन में टिकट बिक्री एवं आय में बढ़ोत्तरी को ध्यान में रखकर सम्पूर्ण पूर्वोत्तर रेलवे पर लगातार टिकट जांच अभियान आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में वाई. पी. दूबे, वरिष्ठ वाणिज्य प्रबन्धक/टिकट जांच, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के नेतृत्व में 7 जुलाई, 2018 को गोरखपुर-भटनी रेल खण्ड में औचक टिकट जांच अभियान आयोजित किया गया। टिकट जांच अभियान के दौरान कुल 197 बिना टिकट/अनियमित टिकट एवं ट्रेनों में गन्दगी फैलाने वाले यात्रियों से किराये एवं जुर्माना के रूप में रू0 1,36,290/- रेल राजस्व की वसूली की गई।

# मुफ्त कनेक्शन से खुश, बिजली बिलों से हैं परेशान

मुजफ्फरनगर (आरएनएस)। सौभाग्य योजना के तहत जनपद के ग्रामीणों को मुफ्त में बिजली के कनेक्शन दिए गए हैं। योजना की धरातल पर स्थिति जानने के लिए प्रधानमंत्री सीधे योजना के पात्रों से संवाद कर रहे हैं। इसी चरण में मंगलवार को जनपद के गांव भायंगी और दधेड़ी जाटान के उपभोक्ताओं से पीएम संवाद कर सकते हैं। इसके लिए ऊर्जा निगम ने उपभोक्ताओं की सूची तैयार की है। उपभोक्ता मुफ्त कनेक्शन पाकर खुश है, लेकिन बिलों को देख हैरान हैं। सौभाग्य योजना से बिजली का कनेक्शन पाने वाली गांव भायंगी की माया, शिमला, मिथलेश व संतोष का कहना है कि मुफ्त बिजली का कनेक्शन मिला, लेकिन अनाप-शनाप बिल से परेशान हैं। उनके यहां बहुत कम बिजली का उपयोग होता है। ग्राम प्रधान मुकेश शर्मा का कहना है कि खंभों व तारों को बदलने का कार्य अभी तक नहीं हुआ है। गांव दधेड़ी जाटान की धर्मवीरी और सुदेशना का कहना है कि कनेक्शन मिलने के बाद बिजली चालू हो गई है। लेकिन बिजली के बढ़े बिल से परेशान हैं। यदि प्रधानमंत्री संवाद करेंगे तो इस समस्या को रखा जाएगा। इनका कहना है..



गांव भायंगी में बिजली की समस्या को देखा गया। ग्राम प्रधान के साथ गांव का सर्वे किया गया। जर्जर तारों और बिजली के खंभों को बदलवाया गया है। ग्रामीणों के बिजली के बिलों में गड़बड़ी हैं तो वे उनके दफ्तर में आकर बिलों को सहीं करा सकते हैं।

# जीआरपी सिपाहियों ने लोको पायलट को पीटा

## आक्रोशित रेल कर्मियों ने किया हंगामा, रोकी गंगा सतलज एक्सप्रेस

फैजाबाद (आरएनएस)। इंजन संटिंग के दौरान जीआरपी के एक उप निरीक्षक व दो आरक्षियों ने लोको पायल को थप्पड़ से पीटा जिससे आक्रोशित रेलवे कर्मचारियों ने हंगामा किया। मंगलवार की सुबह आन्दोलित रेल कर्मचारियों ने गंगा सतलज एक्सप्रेस ट्रेन को भी रोक दिया जिससे रेल यातायात बाधित हुआ।

सहायक लोको पायलट नरसिंह यादव प्लेटफार्म नम्बर 5 पर इंजन की सेंटिंग कर रहे थे इसी समय जीआरपी के चार आरक्षी घूमते हुए आये और लोको पायलट से पूंछताछ करने लगे। लोको पायलट ने उन्हें बताया कि वह संटिंग कराने आये हैं इंजन चलाने में अभी समय है इसलिए प्लेटफार्म नम्बर पांच पर वह बैठे है। इतना सुनने के बाद एक उपनिरीक्षक व अन्य आरक्षियों ने उन्हें थप्पड़ों से पीटना शुरू कर दिया। लोको पायलट ने चिल्लाकर अपने स्टाफ को आवाज लगायी जब लोग दौड़े तो आरक्षी भाग खड़े हुए। लोको पायलट की पिटाई से आक्रोशित सैकड़ो रेल कर्मचारियों ने जीआरपी थाना को घेर लिया और नारेबाजी करने लगे रेल कर्मचारियों के हंगामा के कारण लोको पायलट को पीटने वाले आरोपी पुलिसकर्मी भाग खड़े हुए।

फैजाबाद जंक्शन पर ड्यूटी पर तैनात लोको पायलट कर्मचारी नरसिंह यादव का आरोप है कि ड्यूटी के दौरान नशे में 3 जीआरपी के सिपाहियों ने उसकी अकारण पिटाई कर दी। पिटाई के बाद जब शिकायत करने पीड़ित जीआरपी थाने पहुंचा तो थाने पर भी अभद्रता की गई। अभद्रता के बाद रेलवे कर्मचारी ने अपने साथियों को सूचना दी . जिसके बाद सैकड़ों की संख्या में कर्मचारियों ने प्लेटफॉर्म पर आ रही गंगा सतलज ट्रेन को रोक दी और नारेबाजी करते हुए पटरी पर बैठ गए। मामला बिगड़ता देख एसएचओ जीआरपी ने आनन फानन में जीआरपी के सिपाही रवींद्रनाथ गौड़, कमलेश यादव व उमेश चंद्र वर्मा के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया। हालांकि रेलवे कर्मचारियों की मांग थी कि तीनो सिपाहियों को सस्पेंड किया जाए. मौके पर पहुंचे रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने समझा-बुझाकर कर्मचारियों को शांत कराया।

# विधानसभा के सामने दंपत्ति ने किया आत्मदाह का प्रयास

लखनऊ (आरएनएस)। राजधानी लखनऊ के विधानसभा के उस समय हड़कंप मच गया जब एक दंपत्ति विधानभवन (लोकभावन) के सामने आत्मदाह करने पहुंच गया। इससे पहले महिला अपने ऊपर तेल डालकर आग लगा पाती कि मौके पर मौजूद महिला पुलिसकर्मी शिव कुमारी और सुस्मिता यादव ने उन्हें दबोच लिया। महिला बोतल में मिटटी का तेल लेकर पहुंची थी और विधानसभा की नई बिल्डिंग लोकभवन के सामने उसने अपने ऊपर तेल उड़ेल लिया। इससे मौके पर हड़कंप मच गया, लेकिन पुलिस ने सजगता दिखाते हुए दोनों को दबोच दिया। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और दोनों को हिरासत में लेकर हजरतगंज कोतवाली ले गई। पीड़ित दंपत्ति ने चेतावनी दी है कि अगर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो फिर वह आत्मदाह कर लेगी। फिलहाल पुलिस उनसे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# तीन बूढ़ी बंदूकों से हो रही है हाईटेक बदमाशों की सुरक्षा

हल्द्वानी (आरएनएस)। कुमाऊं की सबसे बड़ी और संवेदनशील जेलों में है हल्द्वानी जेल। इस जेल में नैनीताल के साथ ही ऊधमसिंह नगर जिले के कैदियों को भी रखा जाता है। केवल 300 की क्षमता वाली इस जेल में हमेशा 800 से 1050 तक बंदी रहते हैं। इसके बावजूद जेल की सुरक्षा को लेकर न तो सरकार गंभीर है और न ही कारागार महकमे के अफसर। हालात यह है कि इतनी संवेदनशील जेल में मात्र तीन थ्री नॉट थ्री राइफल के सहारे सुरक्षा व्यवस्था को संभाला जा रहा है। उत्तर प्रदेश की बागपत जेल में हुई घटना के बाद एक बार फिर से हल्द्वानी जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।



हल्द्वानी उप कारागार में क्षमता से अधिक बंदियों को रखने का मामला हाई कोर्ट तक पहुंच चुका है। कुछ समय पहले तक इस जेल में 260 बंदियों को रखने की क्षमता थी। हाईकोर्ट की गंभीरता के बाद जेल में दोमंजिला भवनों का निर्माण किया जा रहा है। एक भवन दोमंजिला बनने के बाद इसकी क्षमता 300 बंदियों तक पहुंच चुकी है। इसके बावजूद यहां तीन से चार गुना तक बंदी रखे जा रहे हैं।

जेल प्रशासन के सूत्र बताते हैं कि जेल में यदि कोई अप्रिय घटना होती है तो उससे निपटने के लिए मात्र तीन थ्री नॉट थ्री बंदूकें हैं। ये भी कितने दशक पहले खरीदी गई, जेल प्रशासन खुद इससे अनभिज्ञ है। ऐसे में यदि अत्याधुनिक हथियारों को चलाने वाले बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने आए तो जेल प्रशासन खुद अपना बचाव करने में भी लाचार नजर आएगा।

चार साल पहले हरिद्वार जेल में कुख्यात बदमाश सुनील राठी और चीनू पंडित गिरोह के बीच मुठभेड़ के बाद शासन-प्रशासन जेलों की सुरक्षा की ओर चेता था। उस समय जेल पुलिस चौकी खोलने पर मंथन हुआ। हल्द्वानी उप कारागार प्रशासन की ओर से भी प्रस्ताव बनाकर पुलिस महकमे को भेजा गया था। कुछ समय बाद ही ये गंभीरता हवाई साबित हो गई। अब तक जेल में चौकी का निर्माण नहीं हो पाया है। हालात यह हैं कि हर व्यक्ति जेल के मुख्य गेट तक बिना रोकटोक के ही